SET-4

Series WXYZ/S

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **72/S**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **9** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **9** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# व्यावसायिक कला (सैद्धान्तिक) (भारतीय कला का इतिहास)

# COMMERCIAL ART (Theory)

## (HISTORY OF INDIAN ART)

*निर्धारित समय : **2** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **30***

*Time allowed : **2** hours* | *Maximum Marks : **30***

*सामान्य निर्देश :*

- ***खण्ड अ : सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।)*
- ***खण्ड ब : सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है।)*
- ***खण्ड स :** किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है।)*

## खण्ड अ

**1.** *दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :*

(i) हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया कौन थे ? *1*

(A) एक योद्धा

(B) एक सूफी संत

(C) एक कलाकार

(D) एक मुगल सम्राट

(ii) यह लघुचित्र रामायण का एक दृश्य है जिसमें एक ही दृश्य में विभिन्न घटनाएँ (दृश्य) चित्रित हैं।

उपर्युक्त अंश किस चित्र से लिया गया है ? *1*

(A) भरत का चित्रकूट में राम से मिलन

(B) मारू रागिनी

(C) कृष्ण झूले पर

(D) राम वैंक्विशिंग द प्राइड ऑफ द ओशन

(iii) राम गोपाल विजयवर्गीय द्वारा चित्रित "मेघदूत" किसकी गीतात्मक चित्रावली है ? *1*

(A) तुलसीदास

(B) केशवदास

(C) कालिदास

(D) जयदेव

***General Instructions :***

- ***Section A** : Attempt **all** questions. (Each question will carry **1** mark.)*
- ***Section B** : Attempt **all** questions. (Each question will carry **2** marks.)*
- ***Section C** : Attempt any **two** questions. (Each question will carry **6** marks.)*

## SECTION A

**1.** Select the right answer from the given options :

(i) Who was Hazrat Nizamuddin Auliya ? *1*

(A) A Warrior

(B) A Sufi Saint

(C) An Artist

(D) A Mughal Emperor

(ii) This miniature painting depicts a scene from the Ramayana. Various episodes have been shown in a single scene.

The above extract has been taken from which painting ? *1*

(A) Bharat meets Rama at Chitrakuta

(B) Maru Ragini

(C) Krishna on Swing

(D) Rama Vanquishing the Pride of the Ocean

(iii) Whose lyrical poem did Ram Gopal Vijayvargiya illustrate in "Meghdoot" Chitravali ? *1*

(A) Tulsidas

(B) Keshavdas

(C) Kalidas

(D) Jaidev

(iv) *अभिकथन (A) :* राधा (बनी-ठनी) राजस्थानी लघुचित्रकला की किशनगढ़ शैली का एक उदाहरण है।

*कारण (R) :* किशनगढ़ शैली अपने विस्तृत चेहरे की विशेषताओं जैसे कि उभरी हुए भौंहे (धनुषाकार) और नुकीली ठोड़ी के लिए प्रसिद्ध है। *1*

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

(v) उस चित्र का नाम बताइए जिसमें अग्रभूमि में यमुना नदी व क्षितिज रेखा कृष्ण के सिर से ऊपर दिखाई गई हो। *1*

(A) कृष्ण झूले पर

(B) कृष्ण गोवर्धन पर्वत उठाते हुए

(C) कृष्ण गोपियों के संग

(D) राधिका

(vi) "मारू रागिनी" चित्र के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ? *1*

(A) यह चित्र 'रामायण' का एक दृश्य है।

(B) यह चित्र पूजा पर आधारित है।

(C) यह चित्र राधा व कृष्ण को दर्शाता है।

(D) यह चित्र 'रागमाला' श्रृंखला का एक दृश्य है।

(vii) "अनसुनी पुकार" मूर्तिकला का माध्यम क्या है ? *1*

(A) सीमेंट (B) केन (बेंत)

(C) कांस्य (D) मिट्टी

(viii) "फलक पर बाज़ पक्षी" चित्र के चित्रकार कौन हैं ? *1*

(A) उस्ताद मंसूर (B) हाजी मदनी

(C) नूरुद्दीन (D) अबुल हसन

(iv) *Assertion (A) :* Radha (Bani-Thani) is an example of the Kishangarh style of the Rajasthani school of miniature painting.

*Reason (R) :* The Kishangarh style is known for its elongated facial features like arched eyebrows and pointed chin. *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

(v) Name the painting where Yamuna river is shown in the foreground and also the horizon line is beyond the head of Krishna. *1*

(A) Krishna on Swing

(B) Krishna Lifting Mount Govardhana

(C) Krishna with Gopis

(D) Radhika

(vi) Which of the following is true for the painting "Maru Ragini" ? *1*

(A) It is a painting from the 'Ramayana'.

(B) It is a painting based on worship.

(C) It is a scene depicting Radha and Krishna.

(D) It is a painting from the 'Ragmala' series.

(vii) What is medium of the sculpture "Cries Unheard" ? *1*

(A) Cement (B) Cane

(C) Bronze (D) Clay

(viii) Who is the artist of the painting "Falcon on a Bird-Rest" ? *1*

(A) Ustad Mansur (B) Haji Madni

(C) Nuruddin (D) Abul Hasan

## खण्ड ब

## (लघुउत्तर प्रकार के प्रश्न)

*प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **100** शब्दों में अपेक्षित है।*

**2.** (क) छापा चित्रकारों और कलाकारों ने "भूख" जैसी समस्याओं को दृश्यों के माध्यम से संबोधित किया है, जिसका उद्देश्य जनता में समानुभूति और करुणा उत्पन्न करना है।

उपर्युक्त कथन के आधार पर अपने पाठ्यक्रम से "भूख" को दर्शाने वाले छापा-चित्र को पहचानिए। *2*

अपने उत्तर का व्यापक समर्थन कीजिए :

- छापा-चित्र का नाम व छापा चित्रकार का नाम लिखिए।
- संयोजन व्यवस्था का वर्णन संक्षेप में कीजिए।

**अथवा**

(ख) चार मज़दूरों का एक समूह में काम करना, यह आपके पाठ्यक्रम में सम्मिलित मूर्तिकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण दर्शाता है। *2*

- मूर्तिशिल्प को पहचानिए तथा मूर्तिशिल्प व मूर्तिकार का नाम लिखिए।
- इस मूर्तिशिल्प की दो अन्य विशेषताएँ लिखिए।

**3.** (क) कौन-से स्कूल ने जापानी वॉश विधि को अपनाया ? *2*

- अपने पाठ्यक्रम में शामिल इस वॉश तकनीक से बने दो चित्रों के नाम बताइए।

**अथवा**

(ख) प्रकृति जानवरों और मनुष्यों को समान अधिकार देती है फिर भी हम अकसर सह-अस्तित्व को भूल जाते हैं। *2*

उपर्युक्त कथन के आधार पर आपके पाठ्यक्रम से "यात्रा का अंत" चित्र की विशेषताएँ बताइए।

- चित्रकार का नाम और चित्र का माध्यम लिखिए।
- भावनाओं को दर्शाने के लिए रचनात्मक व्यवस्था और रंगों के उपयोग का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

## SECTION B
### (Short answer type questions)

*Answer for these questions is expected in around **100** words.*

**2.** (a) Printmakers and artists address problems like hunger through compelling visuals, aiming to evoke empathy and compassion in the public.

On the basis of the above statement identify the graphic print from your course denoting hunger. *2*

Support your answer elaborating on :

- Name of the graphic print and printmaker.
- Describe composition arrangement in short.

**OR**

(b) This splendid sculpture from your course of study, depicts an inspiring example of team work of four labourers. *2*

- Identify and name the sculpture and the sculptor.
- Write any two other features of this sculpture.

**3.** (a) Which school adopted the method of Japanese wash ? *2*

- Write the name of any two paintings from your syllabus made with this wash technique.

**OR**

(b) Nature grants equal rights to animals and humans, yet we often forget co-existence.

On the basis of above statement, identify the qualities of the painting "Journey's End" from your syllabus. *2*

- Write the name of the artist and medium of the painting.
- Briefly describe the compositional arrangement and use of colours to show the emotions.

4. (क) मुगल लघुचित्रों में भव्यता और उत्सव को दर्शाया गया है, जिसका एक मुख्य विषय शाही विवाह भी है। 2

- अपने पाठ्यक्रम से एक ऐसा चित्र पहचानिए। चित्र का नाम व चित्रकार का नाम बताइए।
- उपर्युक्त कथन के अनुसार संयोजन व्यवस्था का वर्णन संक्षेप में कीजिए।

**अथवा**

(ख) मुगल शैली का यह चित्र धर्म-निरपेक्षता व सूफी परंपरा को दर्शाता है। इस चित्र में दो आकृतियों के सूफी प्रतिनिधित्व को कैसे दर्शाया गया है ? इस पर निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर चर्चा कीजिए। 2

- चित्र का नाम व चित्रकार का नाम लिखिए।
- विषय-वस्तु और चित्र के माध्यम से दिया गया जीवन मूल्य/संदेश बताइए।

5. राजस्थानी और पहाड़ी लघुचित्रों में अकसर "कृष्ण" को निस्वार्थ प्रेम के प्रतीक के रूप में चित्रित किया गया है जो जीवंत विस्तृत कलाकृतियों में उनकी देखभाल करने की प्रवृत्ति की गहन गहराई को दर्शाता है। 2

- उपर्युक्त कथन के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक चित्र के सौंदर्यात्मक संयोजन की सराहना कीजिए।

(क) "झूले पर कृष्ण"

**अथवा**

(ख) नंद, यशोदा और कृष्ण अपने संबंधियों के साथ वृंदावन जाते हुए। 2

6. निम्नलिखित में से किसी भी एक चित्र की सौंदर्यात्मक विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिए, जो आकृतियों, जानवरों और प्रकृति में पारस्परिक संबंधों को दर्शाता है।

(क) पोलो खेलते हुए चाँद बीबी 2

**अथवा**

(ख) गोवर्धन पर्वत को उठाते हुए कृष्ण 2

**4.** (a) Mughal miniature paintings thrived showcasings grandeur and celebration. The art often depicted royal weddings. *2*

- Identify and name one such painting from your course. Mention its artist.
- On the basis of the above statement, explain the compositional arrangement in short.

**OR**

(b) A painting from the Mughal school reflects a secular theme and Sufi tradition. Elaborate on how this artwork exemplifies Sufi representation of two figures based on the following points. *2*

- Identify and name the painting and its artist.
- Subject matter and the life value/message given through the painting.

**5.** Rajasthani and Pahari miniature paintings often portrayed "Krishna" as a symbol of selfless love, capturing the profound depth of his caring nature in vibrant detailed artworks. *2*

- Appreciate the aesthetic beauty of any one painting from the following based on the above statement.

(a) "Krishna on Swing"

**OR**

(b) Nand, Yashoda and Krishna with Kinsmen going to Vrindavana. *2*

**6.** Evaluate the aesthetic beauty of any one of the following paintings, depicting the connection between figures, animals and nature. *2*

(a) Chand Bibi Playing Polo

**OR**

(b) Krishna Lifting Mount Govardhana *2*

## खण्ड स

## (दीर्घ उत्तर प्रकार के प्रश्न)

*दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नों के उत्तर लगभग **200** शब्दों में अपेक्षित हैं।*

**7.** राजस्थानी चित्र शैली अपने जीवंत चित्रण के लिए प्रसिद्ध है जिसमें शाही जीवन, धार्मिक कथाएँ और सांस्कृतिक प्रथाओं को दर्शाया जाता है। 'चौगान के खिलाड़ी' इसी परंपरा का एक महत्त्वपूर्ण चित्र है। *2+2+2=6*

- इस चित्र के चित्रकार का नाम बताइए तथा उल्लेख कीजिए कि यह किस उपशैली से संबंधित है।
- दृश्य व वातावरण पर प्रकाश डालते हुए चित्र की संपूर्ण रचना का वर्णन कीजिए।
- इस चित्र में उजागर की गई राजस्थानी शैली की दो विशिष्ट विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

**8.** मुगल शैली के इस चित्र में प्राकृतिक तत्त्वों को एक पक्षी की सुन्दरता के माध्यम से दिखाया गया है। चित्र को पहचानिए व उत्तर दीजिए। *3+3=6*

- चित्र का नाम, चित्रकार का नाम व माध्यम बताइए।
- संयोजन व्यवस्था का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

**9.** अपने अवलोकन के आधार पर नीचे दिए गए चित्र का विश्लेषण और व्याख्या निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए। *2+2+2=6*

- चित्र का नाम, शैली, चित्रकार का नाम व माध्यम।
- कलाकार ने चित्र में किन भावनाओं को दर्शाया है ?
- रंगों व संयोजन व्यवस्था का विस्तृत मूल्यांकन कीजिए।



## SECTION C
## (Long answer type questions)

*Answer any 2 questions from the given questions. Answer for these questions is expected in around **200** words.*

**7.** The Rajasthani school of painting is renowned for its vivid depiction of royal life, religious narrative and cultural practices. One significant artwork within this tradition is the painting titled "Chaugan Players". *2+2+2=6*

- Name the artist of this painting and mention the sub-school it belongs to.
- Describe the overall composition of the painting by throwing light on the scene and surroundings.
- Explain any two distinctive features of Rajasthani school highlighted in this painting.

**8.** This painting depicts the use of natural elements in Mughal school of painting, by capturing the beauty of a majestic bird.
Identify the painting and answer. *3+3=6*

- The name of the painting, its artist and the medium.
- Write in detail about the compositional arrangement.

**9.** Analyse the given artwork based on your observation and describe through the following points. *2+2+2=6*

- Name the painting, school, its artist and medium.
- What emotions have been revealed in this painting by the artist ?
- Appreciate the colour and compositional arrangement in detail.

